उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची
## शुक्रवार 28 बैशाख, शक संवत्, 1923

(दिनांक : 18 मई, 2001)
समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

1— अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी (क) )

2— अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी (ख) )
(दिनांक 15 मई, 2001 को माननीय उद्योग मंत्री के अनुरोध पर स्थगित किए गए प्रश्न)

3— सदस्यों की गिरफ्तारी, निरूद्धीकरण व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों ।

4— मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों ।

5— विशेषाधिकार के प्रश्न, यदि कोई हों।

6— कार्यस्थगन का प्रस्ताव यदि कोई हो।

7— वित्त मंत्री महालेखाकार कार्यालय से प्राप्त वित्तीय वर्ष 1999—2000 के वित्तीय लेखे तथा विनियोग लेखे सदन के पटल पर रखेंगे।

........2/—

8– वित्तीय वर्ष 2001–2002 के आय व्ययक की मांगों पर चर्चा और मतदान :–

1– खाद्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2002 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–25, खाद्य के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त रूपये 104251 हजार (दस करोड बयालिस लाख इक्यावन हजार ) रूपये से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग))

2– राजस्व मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2002 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–6, राजस्व एवं सामान्य प्रशासन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त रूपये 820251 हजार (बयासी करोड दो लाख इक्यावन हजार ) रूपये से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(विवाद नहीं होगा)

3– वित्त मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2002 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–7, वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा सामान्य सेवाऐं के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त रूपये 3530387 हजार (तीन अरब तिरपन करोड तीन लाख सत्तासी हजार ) रूपये से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(विवाद नहीं होगा)

9– वित्त मंत्री, उत्तरांचल विनियोग विधेयक, 2001 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

10– वित्त मंत्री, उत्तरांचल विनियोग विधेयक, 2001 को पुरःस्थापित करेंगे।

........3/–

11– वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल विनियोग विधेयक, 2001 पर विचार किया जाए।

12– वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल विनियोग विधेयक, 2001 पारित किया जाए।

13– निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतीकरण :–

| प्रस्तावक का नाम | संकल्प |
| --- | --- |
| श्री अम्बरीष कुमार | "इस सदन का यह सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल की चीनी मिलों को पर्याप्त गन्ना आपूर्ति हेतु गन्ना कमाण्ड क्षेत्र, उत्तर प्रदेश से लेकर उत्तरांचल में सम्मिलित किए जाने हेतु प्रयास किए जाऐं।" |
| श्री मुन्ना सिंह चौहान | "यह सदन केन्द्र सरकार से सिफारिश करता है कि अनंतिम विधान सभा का कार्यकाल अधिकतम एक वर्ष निर्धारित किया जाए।" |

14– रूडकी नगर में सड़कों की सोचनीय स्थिति के सम्बंध में श्री राम सिंह सैनी, सदस्य विधान सभा द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर मुख्यमंत्री का वक्तव्य।

15– उत्तरांचल प्रदेश में कार्यरत मद्य निषेध अधिकारियों, कर्मचारियों को वेतन न मिलने के सम्बंध में श्री अम्बरीष कुमार, सदस्य विधान सभा द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर मुख्यमंत्री का केवल वक्तव्य।

16– पर्वतीय क्षेत्र में दिनांक 6 मई, 2001 को भारी ओला वृष्टि से फसल को हुई क्षति के सम्बंध में श्री रघुनाथ सिंह चौहान ,श्री भारत सिंह रावत एवं श्री बिशन सिंह चुफाल द्वारा नियम–52 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर चर्चा।

17– नियम–51 के अन्तर्गत सूचनाऐं, यदि कोई हों।

18– राष्ट्रगान (जन–गण–मन)।

देहरादून। आज्ञा से,

दिनांक : 18 मई 2001

( महेश चन्द्र )
सचिव

उत्तरांचल विधान सभा

द्वितीय सत्र 2001
का तीसरा शुक्रवार

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची
## शुक्रवार 28 बैशाख, शक संवत्, 1923
(दिनांक : 18 मई, 2001)
समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

## नत्थी (क)

–: तारांकित प्रश्न :–

| | | |
|---|---|---|
| श्री मुन्ना सिंह चौहान<br>20–2–2001 | * 1– क्या गन्ना एवं चीनी उद्योग मंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल में स्थित चीनी मिलों के माध्यम से एकत्र सैस की कितनी धनराशि उत्तर प्रदेश शुगर फेडरेशन के पास जमा है ? क्या उक्त धनराशि राज्य सरकार द्वारा प्राप्त किए जाने हेतु कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गन्ना विकास |
| श्री राम सिंह सैनी<br>22–3–2001 | * 2– क्या गन्ना विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में गुड़ की मंडियों को प्रदेश से पलायन रोकने हेतु कोई योजना शासन के विचाराधीन है ? यदि हां, तो वह योजना क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गन्ना विकास |
| श्री अम्बरीष कुमार<br>27–3–2001 | * 3– क्या मुख्य मंत्री को जानकारी है कि जसपुर और काशीपुर की कताई मिलों में कार्यरत कर्मचारियों को पिछले 29–30 महीनों से वेतन नहीं मिला है ? यदि हां, तो सरकार वेतन दिलाने हेतु क्या कार्यवाही कर रही है ? क्या सरकार इन मिलों को चलाने हेतु भी विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या कार्य योजना तैयार की गयी है ? यदि नहीं, तों क्यों ? | उद्योग |
| श्रीमती इन्दिरा हृदयेश<br>22–2–2001 | * 4– क्या औद्योगिक विकास मंत्री जानकारी देने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल प्रदेश में चाय उत्पादन हेतु उनकी सरकार टी बोर्ड से आर्थिक निवेश हेतु कोई समझोता कर रही है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? | उद्यान |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा<br>3–3–2001 | * 5– क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी उत्तर प्रदेश विभाजन के बाद चीनी उद्योग में कुल कितनी चीनी मिलें उत्तरांचल के पास आयी है ? इनमें से क्रमशः कितने चीनी निगम सहकारी चीनी मिल्स संघ एवं निजी क्षेत्र के हैं? इनकी गन्ना पेराई क्षमता क्रमशः कितनी है ? क्या लागत की कमी व प्रशासनिक सुविधा हेतु एकीकृत ''उत्तरांचल चीनी विकास व उत्पादन निगम'' की स्थापना हेतु कार्यवाही शुरू कर दी गयी है ? यदि हां, तो कार्यवाही कब तक पूरी हो जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गन्ना विकास |

# नत्थी (ख)

(दिनांक 15 मई, 2001 को माननीय उद्योग मंत्री के अनुरोध पर स्थगित किए गए प्रश्न)

| | | |
|---|---|---|
| श्री मुन्ना सिंह चौहान<br>20–2–2001 | * 1– (दूसरे मंगल का तारा0 प्र0 सं0– 2)<br>क्या उद्योग मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने क्या कोई नीति बनाई है ? यदि हो, तो संक्षिप्त विवरण क्या है ? क्या सरकार के पास उद्योग जगत से निवेश के कोई प्रस्ताव हुए हैं ? सरकार ने कितने पूंजी निवेश तथा रोज़गार सृजन का लक्ष्य रखा है ? | औद्योगिक विकास |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा<br>2–3–2001 | * 2– (दूसरे मंगल का तारा0 प्र0 सं0– 4)<br>क्या सरकार को यह ज्ञात है कि जनपद पिथौरागढ़ व चम्पावत अपने प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए विख्यात है ? जहां पर पर्यटन के लिए सुरम्यघाटी, रमणीक हिमालयन क्षेत्र, एवं कतिपय महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, पौराणिक, धार्मिक व पुरातत्व महत्ता के स्थान पर्याप्त मात्रा में हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थलों के विकास व रख–रखाव के लिए ''एकीकृत पिथौरागढ़ चम्पावत घाटी विकास प्रधिकरण'' का गठन, जिसकी मांग लम्बे समय से की जा रही है, को गठित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री राजेन्द्र सिंह<br>19–2–2001 | * 3– (दूसरे मंगल का तारा0 प्र0 सं0– 8)<br>क्या वित्त मंत्री को जानकारी है कि देहरादून जनपद में माइनिंग सेस फण्ड का कितना धन चालू वित्तीय वर्ष में किस–किस मद में तथा किन–किन ग्रामों में खर्च किया गया है तथा कितना–कितना धन शेष है ? शेष धन को सम्बंधित/प्रभावित क्षेत्रों की किन–किन योजनाओं में खर्च करना प्रस्तावित है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास |

उत्तरांचल विधान सभा

# राष्ट्र-गान

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे ।
भारत-भाग्य-विधाता ॥
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग ।
विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,
उच्छल-जलधि-तरंग ॥
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे ॥
गाहे तव जय गाथा ॥
जन-गण-मंगलदायक जय हे,
भारत-भाग्य विधाता ॥
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय, जय हे ॥